# <u>पंतनगर विश्वविद्यालय में योगा (पुरूष) प्रतियोगिता 2024–25 के विजेता घोषित</u>

पंतनगर। 29 नवम्बर 2025। विश्वविद्यालय में सत्र 2025–26 की विश्वविद्यालय योगा (पुरूष) प्रतियोगिता का आयोजन स्टीवेन्सन स्टेडियम में किया गया। प्रतियोगिता में कुल 21 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया, जिनमें प्रथम स्थान पर हिमांशु पालीवाल, पटेल भवन; द्वितीय स्थान पर नवदीप करनवाल, वी.एस. भवन तथा तृतीय स्थान पर करन सिंह रावत, जनरल विपिन सिंह रावत भवन रहे। विजेताओं को कार्यवाहक प्रभारी डा. पूनम त्यागी, स्टाफ काउंसलर डा. मीना मृगेष एवं योगा विशेषज्ञ कु. राजेश्वरी द्वारा पुरस्कृत किया गया।

इस प्रतियोगिता का आयोजन क्लब प्रभारी एवं सह निदेशक शारीरिक शिक्षा डा. जी.एस. बोहरा तथा कु. रजेश्वरी द्वारा किया गया। शारीरिक शिक्षा अनुभाग के कर्मचारियों एवं श्रमिकों द्वारा उक्त आयोजन में सहयोग प्रदान किया गया।

